हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 जनवरी 2026, समय 13:05(5 मिनट)

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेंगे। श्री गडकरी ने कल नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों और परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री गडकरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस योजना का हाल ही में संपन्न हुआ प्रयोग सफल रहा है।

श्री गडकरी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिन के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं को समय पर लागू करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है।

शहरी परिदृश्य को बदलने में आवास और ढांचागत विकास संबंधी पहल में प्रगति तंत्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले 10 वर्षों में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरी विकास के लिए मिशन मोड में काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई 12 प्रगति बैठकों में सात प्रमुख शहरी योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी,

स्मार्ट सिटी मिशन और पीएम स्वनिधि योजना शामिल है। प्रगति मंच के तहत दो लाख 37 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 14 बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इनमें से चार परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 10 पर तेजी से काम चल रहा है। इन बैठकों में दिए गए निर्देशों से केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बेहतर हुआ है और समस्याओं के समाधान का रास्ता निकला। जिससे काम की रफ्तार तेज हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत देश भर में एक करोड़ 18 लाख से अधिक मकानों को मंजूरी दी गई। इनमें 88 लाख से अधिक मकान बनकर तैयार हो चुके हैं।

****

हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की कल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई 18 वीं बैठक में प्रदेश में औद्योगिक निवेश एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन पैकेज एवं राहत प्रदान करने संबंधी निर्णय लिए गए।

बैठक में हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के अंतर्गत **ए.डब्ल्यू.एल. एग्री बिजनेस लिमिटेड** को 73 करोड़ 15 लाख रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार, **हमदर्द फूड्स इंडिया** को 35 करोड़ 47 लाख रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी गई। यह परियोजना खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी।

हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के तहत ही **ऊनो मिंडा लिमिटेड** को राज्य में ऑटो कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के 1930 करोड़ रुपये के निवेश के लिए लगभग 749 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज को स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना ऑटो एवं ऑटो पुर्जों के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश एवं रोजगार सृजन से जुड़ी है।

इसके अलावा बैठक में **एनरिच एग्रो फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** को उद्यम प्रोत्साहन नीति-2015 के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत विशेष प्रोत्साहन पैकेज की शर्तों में संशोधन को अनुमोदित किया गया।

आरती ग्रीनटेक लिमिटेड को भी इस नीति के तहत पूर्व में स्वीकृत विशेष प्रोत्साहन पैकेज दिया गया। इसके अतिरिक्त, **कैनपैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** से संबंधित प्रोत्साहन सब्सिडी मामलों में राज्य जीएसटी प्रतिपूर्ति एवं अन्य राहत प्रदान करने को स्वीकृति दी गई।

****

केंद्र सरकार ने कहा है कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य 2026 तक बाल विवाह की दर को 10 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नवंबर 2024 में शुरू की गई इस पहल का मुख्य लक्ष्य देश भर में बाल विवाह का उन्मूलन करना है। यह अभियान एक व्यापक सामाजिक समस्या का समाधान करता है जो छोटे बच्चों, विशेषकर ज्यादातर मामलों में लड़कियों और विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों के बच्चों को अधिक प्रभावित करती है।

****

शहीद राजा नाहर सिंह के 169वें बलिदान दिवस के अवसर पर बल्लभगढ़ में आज सुबह श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नाहर सिंह मेमोरियल सोसायटी द्वारा दशहरा मैदान तथा अखिल भारतीय जाट सभा द्वारा राजा नाहर सिंह महल में आयोजित कार्यक्रमों में शहीद राजा नाहर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

****